कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 298011 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

पत्रांक 1945 दिनांक 2.8.2021

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
चुरी–बेंती अन्डरग्राउण्ड परियोजना,
एन. के. क्षेत्र, सी.सी.एल.
पो0– डकरा, जिला– राँची।

विषयः– चुरी–बेंती भूमिगत कोल परियोजना हेतु कुल हेतु कुल 281.174 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल– 65.84 हे0 एवं राँची वन प्रमंडल– 215.33 हे0) वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव पर स्थलीय निरीक्षण करने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 111 दिनांक 17.04.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयगत कोल निर्माण हेतु अपयोजित होनेवाले वन भूमि का प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित प्रस्ताव में प्रधान मुख्य वन संरक्षक –सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 830 दिनांक 19.07.2021 द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत समर्पित सभी प्रस्तावों में उनके द्वारा दिए गये दिशा निर्देश का अनुपालन करना है जो निम्नवत है–

1. मैनुअल फार्म–ए पार्ट–1, एन.पी.भी./क्षतिपूरक वनरोपण कराने हेतु राशि भुगतान करने से संबंधित वचनबद्धता प्रमाण–पत्र पर प्राधिकृत पदाधिकारी का नाम, पदनाम, तिथि एवं हस्ताक्षर अंकित को उसे ऑनलाईन पार्ट–1 के Additional Document में अपलोड किया जाय।
2. प्रस्ताव में समर्पित विवरणी जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापित किया गया है कि हस्ताक्षरित प्रति ऑनलाईन पार्ट–1 के Additional Document में अपलोड किया जाय।
3. फार्म–ए पार्ट–1 के कंडिका K (i) में वनाधिकार अधिनियम, 2006 से संबंधित प्रमाण–पत्र मात्र राँची वन प्रमंडल से संबंधित रकबा का ही अपलोड किया गया है। इस प्रमंडल से संबंधित उपायुक्त, चतरा द्वारा निर्गत वनाधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित प्रमाण–पत्र एवं इस क्रम में हुई ग्राम बैठक कार्यवाही की प्रति Part-I में ऑनलाईन में अपलोड करते हुए संशोधित पार्ट–1 की हस्ताक्षरित प्रति प्रस्ताव में संलग्न करना अनिवार्य है।

अतः उल्लेखित त्रुटियों के निराकरण हेतु प्रस्ताव की सभी मूल प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि संशोधित प्रस्ताव यथाशीघ्र इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

<u>अनु0–यथोक्त–</u>

विश्वासभाजन,

02/8/2021

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

2/8/2021